# मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बांदा

विज्ञप्ति संख्या–16/नियुक्ति/मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण/2025/दिनांक 16.06.25

## विज्ञप्ति

उ0प्र0शासन के पत्र संख्या एम.ए.सी.टी.73/30.03.2020 तथा पत्र संख्या रिट–317/30.03.2020 के कम में जनपद बांदा में माह जून, 2025 के बाद रिक्त होने वाले सहायक लेखाकार के एक पद की नियुक्ति हेतु आवेदनपत्र आमंत्रित किए जाते हैं। पद का विवरण निम्नवत् है :–

| पद नाम | पद की संख्या | नियोजन की प्रकृति |
|---|---|---|
| सहायक लेखाकार | एक | सेवा निवृत्त कर्मचारियों से संविदा के आधार पर |

इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदनपत्र दिनांक–27.06.2025 तक कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण,सिविल कोर्ट परिसर,बांदा में डाक द्वारा प्रेषित कर सकते हैं या स्वयं प्राप्त करवा सकते हैं। दिनांक 27.06.2025 को 5 बजे सायंकाल के पश्चात कोई प्रार्थनापत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

नियुक्ति के संबंध में अन्य शर्ते व विवरण निम्नवत् है–

**1.** सहायक लेखाकार के पद पर नियोजित कर्मचारी की संविदा के आधार पर नियुक्ति की जाएगी। ऐसे कर्मचारी को वेतन के रूप में प्राप्त होने वाली राशि संबंधित कर्मचारी के अन्तिम आहरित वेतन में से शुद्ध पेंशन की धनराशि(राशिकरण के पूर्व) के घटाने के पश्चात प्राप्त होने वाली धनराशि के बराबर होगी।

**2.** आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को कम्प्यूटर पर टाईप करने एवं फाइल आदि बनाने का ज्ञान होना चाहिए। सिविल कोर्ट सेवानिवृत्त कर्मचारी को वरीयता दी जाएगी।

**3.** आवेदक की आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**4.** अभ्यर्थी के 65 वर्ष की आयु पूर्ण करते ही उसकी सेवा समाप्त हो जाएगी।

**5.** पद पूर्णतया अस्थायी है। यदि उ0प्र0शासन या मान्नीय उच्च न्यायालय द्वारा सहायक लेखाकार के पद पर किसी स्थायी कर्मचारी की नियुक्ति की जाती है तो आवेदक की नियुक्ति स्वतः समाप्त मानी जाएगी।

**6.** अभ्यर्थी को आवेदनपत्र के साथ घोषणापत्र, सेवा निवृत्त होने का प्रमाणपत्र तथा सेवा निवृत्ति के समय प्राप्त होने वाले वेतन का विवरण प्रस्तुत करना होगा। इसके अतिरिक्त आवेदनपत्र के प्रारूप में वर्णित अन्य प्रपत्रों को भी संलग्न करना होगा।

**7.** आवेदनपत्र का प्रारूप मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बांदा के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**8.** सहायक लेखाकार की नियुक्ति चयन समिति द्वारा की जाएगी। नियुक्ति के संबंध में चयन समिति का निर्णय अन्तिम होगा।

16.6.25

(संजीव कुमार सिंह–I)
पीठासीन अधिकारी,
मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण,बांदा

## मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण,बांदा में सहायक लेखाकार के पद पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदनपत्र

**विज्ञप्ति संख्या–01/नियुक्ति/मो0दु0दा0अधि0/2025/बांदा** **दिनांकः 16 जून,2025**

**1.** आवेदित पद का नाम–

**2.** आवेदक का नाम–

**3.** पिता/पति का नाम–

4. जन्मतिथि . . . . . . . . . . . . ..(प्रमाणपत्र की स्व प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)

5. पत्र व्यवहार का पूर्व पता एवं मोबाइल नम्बर–

6. आधार नम्बर . . . . . . . . . . . (आधार कार्ड की स्व प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें).

7. गृह जनपद–

8. सेवा निवृत्ति का विवरण

    1. सेवा निवृत्ति की तिथि–
    2. विभाग का नाम–
    3. सेवा निवृत्ति के समय धारित पद नाम–
    4. अन्तिम आहरित वेतन–
    5. मूल पेंशन की धनराशि बिना मंहगाई भत्ते के–
    6. पी0पी0ओ0 संख्या–

9. अन्य योग्यता यदि कोई हो तो–

दिनांकः–

आवेदक के हस्ताक्षर

पूरा नाम–

पता–

**मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण,बांदा में सहायक लेखाकार के पद पर आवेदनपत्र के साथ संलग्न किए जाने वाला घोषणा–पत्र**

मैं . . . . . . . . . . . . . आयु . . . . . . पुत्र/पुत्री श्री . . . . .
यह घोषणा करता/करती हूँ कि–

1. आवेदनपत्र में जो जानकारी दी गयी है वह सही है, कोई बात छिपाई नहीं गयी है। यदि भविष्य में यह पाया जाता है कि मैंने किसी बात को छिपाया है या गलत सूचनाऐं दी हैं तो मेरी नियुक्ति तत्काल समाप्त कर दी जाए।

2. यदि भविष्य में उ0प्र0शासन या मान्नीय उच्च न्यायालय द्वारा आवेदित पद के लिए स्थायी कर्मचारी की नियुक्ति कर दी जाती है तो मेरी नियुक्ति स्वतः समाप्त हो जाने पर मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

3. मैंने अपने पूर्व नियुक्ति वाले विभाग से सेवा निवृत्त होने का प्रमाणपत्र तथा सेवा निवृत्त के समय प्राप्त होने वाले वेतन का विवरण संलग्न कर दिया है जो सही है।

दिनांकः–
स्थान–

आवेदक के हस्ताक्षर
आवेदक का नाम–
पूरा पता–